कार्यालय मुख्य अग्निशमन अधिकारी इलाहाबाद

पत्र सं0: 2018/41275 /इला0/इलाहाबाद/393/सीएफओ दिनांक: मार्च, 13 , 2018

सेवा में,

सचिव/अपर सचिव
इलाहाबाद विकास प्रधिकरण
इलाहाबाद।

**विषय**–आराजी सं0– 82, 83. 85, 86, 89, 93. 94, 95क, 95ख, 96, 98, 99, 100, 101, 102, 104, 105, 107, मौजा– जलालपुर धोसी, तहसील– सदर, इलाहाबाद (क्षेत्रफल– 52510.00 वर्ग मीटर) पर दाखिल संशोधित ले–आउट एवं समूह आवास भवन मानचित्र पर अग्निशमन सुरक्षा की दृष्टिकोण से प्रोविजनल अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

**सन्दर्भ**–185/प्र0अ0 (त0स0)/जोन–2/वि0प्रा0/2017–18, दिनांक :17/02/2018

**महोदय,**

कृपया उपरोक्त विषयक अपने प्रार्थना पत्र संख्या– 185/प्र0अ0 (त0स0)/जोन–2/वि0प्रा0/2017–18, दिनांक :17/02/2018 के माध्यम से उक्त प्रश्नगत दाखिल प्रस्तावित ग्रुप हाउसिंग भवन मानचित्र पर अग्निशमन प्रोविजनल अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने की अपेक्षा की गई है।

उक्त प्रश्नगत श्री/मेसर्स– मयंक जायसवाल, डायरेक्टर, दि इनोवेटर्स डिजिटल एडस प्रा0लि0, पंजीकृत कार्यालय– 91, कटधर, इलाहाबाद द्वारा आराजी सं0– 82, 83. 85, 86, 89, 93. 94, 95क, 95ख, 96, 98, 99, 100, 101, 102, 104, 105, 107, मौजा– जलालपुर धोसी, तहसील– सदर, इलाहाबाद (क्षेत्रफल– 52510.00 वर्ग मीटर) पर दाखिल संशोधित ले–आउट एवं समूह आवास भवन मानचित्रो में अग्निशमन व्यवस्थाओं एवं अभिलेखों का परीक्षण तथा स्थल का निरीक्षण अग्निशमन अधिकारी सिविल लाइन्स श्री लाल जी गुप्ता द्वारा अंकित मापो के आधार पर किया गया। अग्निशमन अधिकारी सिविल लाइन्स, इलाहाबाद की आख्या दिनांक: 12/03/2018 का सुसंगत मानकों के अनुसार परिशीलन किया गया, जिसका विवरण निम्नवत है–

**भवन की संरचना–**

1 कुल भूखण्ड– 52510.00 वर्गमी0।

2 निर्मित भूतल कवर्ड एरिया– ब्लाक– ग्रुप हाउसिंग–1, 1047.878 वर्गमी0, ब्लाक– ग्रुप हाउसिंग–2, 1220.536 वर्गमी0, ब्लाक– ग्रुप हाउसिंग–3 एवं यलआईजी– 1059.259 वर्गमी0, ब्लाक– ईडब्लूयस– 393.231 वर्ग मी0, लोराईज– 901.776 वर्ग मी0।

3 प्रथम तल से दसवें तल का टिपिकल कवर्ड एरिया–, ब्लाक– ग्रुप हाउसिंग–1, 1047.878 वर्गमी0, प्रथम तल से दसवें तल का टिपिकल कवर्ड एरिया– ब्लाक– ग्रुप हाउसिंग–2, 1220.536 वर्गमी0, प्रथम तल से छठवें तल का टिपिकल कवर्ड एरिया– ब्लाक– ग्रुप हाउसिंग–3 एवं यलआईजी– 1059.259 वर्गमी0, प्रथम तल से छठवें तल का टिपिकल कवर्ड एरिया– ब्लाक– ईडब्लूयस– 393.231 वर्ग मी0, प्रथम तल से चतुर्थ तल का टिपिकल कवर्ड एरिया– लोराईज– 901.776 वर्ग मी0।

4 बेसमेन्ट प्रथम का कवर्ड एरिया– 7396.914 वर्गमी0।

5 बेसमेन्ट द्वितीय का कवर्ड एरिया– 8491.166 वर्गमी0।

6 बेसमेन्ट तृतीय का कवर्ड एरिया– निल, वर्गमी0।

7 भवन की ऊँचाई– ग्रुप हाउसिंग–1, एवं 2,– 34.650 मी0, ग्रुप हाउसिंग–3 एवं यलआईजी तथा ईडब्लूयस– 20.80 मी0, लोराईज– 14.90 मी0।

8 भवन का अधिभोग एवं हैजार्ड श्रेणी–प्रश्नगत भवन का अधिभोग एन0बी0सी0 की रेजिडेन्सियल श्रेणी के ग्रुप ए–5 के अन्तर्गत वर्गीकृत किया गया है।

ढांचागत व्यवस्था –

1 पहुंच मार्ग – भूखण्ड के सामने मानचित्रों में 30.00 मी0 रोड की चौड़ाई है।

2 प्रवेश द्वार की चौड़ाई – 05.00 मी0 जो मानक के अनुसार अपेक्षित है।

3 **सेट बैक** – प्रस्तावित भवन का सेट बैक निम्नवत् है–

| | ग्रुप हाउसिंग–1, एवं 2, | ग्रुप हाउसिंग–3 एवं यलआईजी, ईडब्लूयस, | लोराईज |
|---|---|---|---|
| क. अग्रभाग | 12.000 –मी0 | 09.000 –मी0 | 07.000 –मी0 | 07.000 –मी0 |
| ख. पृष्ठ भाग | 12.000 –मी0 | 09.000 –मी0 | 07.000 –मी0 | 05.000 –मी0 |
| ग. पार्श्व भाग प्रथम | 12.000 –मी0 | 08.000 –मी0 | 07.000 –मी0 | 06.000 –मी0 |
| घ. पार्श्व भाग द्वितीय | 12.000 –मी0 | 08.000 –मी0 | 07.000 –मी0 | 06.000 –मी0 |

*उपरोक्तानुसार भवन के सैट बेक भवन विनियमावली के अनुसार है। सेटबैक सदैव अवरोध मुक्त रखे* जायगे। सेटबैक में किसी प्रकार का स्थाई/अस्थाई निर्माण कार्य मान्य नहीं होगा। परियोजना के निर्माण में एन0बी0सी0– 2005 पार्ट– 4 के बिन्दू 3:4:6:1 का विशेष ध्यान रखा जाय। सेटबैक मे अण्डर ग्राउण्ड टैंक एवं यसटीपी का र्निमाण किया गया है, जिस पर 45 टन का लोड वियरिंग का प्रमाण पत्र प्रदान करना अनिवार्य होगा।

**4. निकास मार्ग**– प्रस्तावित भवन के प्रत्येक ब्लाक मे पर 01 स्टेयर जिनकी चौड़ाई 1.50 मी0, तथा 01 फायर स्केप जिसकी चौड़ाई 1.20 मी0, का प्राविधान किया गया है, जिनकी फ्लोर के समस्त स्थानों से ट्रेवलिंग डिस्टेन्स अधिकतम अनुमन्य सीमा के अन्तर्गत है। लोराईज ब्लाक मे 01 स्टेयर जिनकी चौड़ाई 1.50 मी0, का प्राविधान किया गया है।

**5. रिफ्यूज एरिया का विवरण** – प्रत्येक फ्लैट के प्रत्येक ब्लाक में एन.बी.सी.–2005 के पार्ट –4 के बिन्दु 4:12:3 के अनुसार बालकनी उपलब्ध करायी गयी है।

**अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था** – नेशनल बिल्डिंग कोड ऑफ इण्डिया– 2016 के अनुसार अग्निशमन व्यवस्थाऐं पूर्ण की जानी अनिवार्य हैं।

1 **भूमिगत टैंक**: प्रस्तावित भवन में 1,50,000.00 लीटर का भूमिगत टैंक मानकों के अनुरूप प्राविधानित किया जाय।

2. **पम्प** : प्रस्तावित भवन में एक इलेक्ट्रिक एवं एक डीजल पम्प 2280 एल0पी0एम0 क्षमता का तथा एक जाकी पम्प 180 एल0पी0एम0 क्षमता का मानकों के अनुरूप प्राविधानित किया जाय।

3 **होजरील** : प्रस्तावित भवन में होजरील लैण्डिंग वाल्व आई0एस0– 3844 मानकों के अनुरूप प्राविधानित किया किया जाय ।